P372

इंदौर, शनिवार 28 मार्च 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 129
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## क्रूर लोगों के प्रति क्रूरता दिखानी पड़ेगी

**अक्षय की बात अपनो के साथ**

हिंसक मानसिकता, हिंसक प्रवृत्ति और हिंसक क्रूरता को हिंसा से ही कुचला जा सकता हैं। क्योंकि डर सबको लगता हैं फिर वो चाहे कितना बड़ा हिंसक क्रिमिनल हो। इंदौर के लसुड़िया में सागर समृद्धि एनक्लेव में महिला इन्फोसिस कम्पनी में इंजीनियर शंपा पांडे पाठक की कार से कुचलकर हत्या करने वाले हत्यारे पिता-पुत्र के घरों में बुल्डोजर कब पहुंचेगा? बुल्डोजर की कारवाई क्या सिर्फ एक सम्प्रदाय विशेष के अपराधियों के लिए है? सभ्य समाज में हिंसा और दरिंदगी के लिए कोई स्थान नहीं है। किसी भी तरह की हिंसा सभ्य समाज की बुनियाद पर सबसे क्रूर हमला है। और इसे माफ नहीं किया जा सकता है, फिर चाहे वह घरेलू हिंसा हो या अपराधिक और हिंसक मानसिकता के सफेद पोश लोगों द्वारा सभ्य सोसाइटी, सड़क या बाजार के किसी स्थान पर की जाने वाली हिंसा हो। क्योंकि आजकल सफेदपोश समाज भी ज्यादा हिंसक और मानसिक होता जा रहा है? उस महिला के हत्यारों ने अगर क्रूरपन दिखाया है, तो उनको उसी भाषा में क्रूरता से जवाब देना होगा और उनके भवनों को तोड़ना होगा। उनको शारीरिक दंड देकर समाज में मुंह काला करके जुलूस निकालना होगा।



## अंदर के पन्नों पर...

**2 करोड़ से बनेगा इंटरनेशनल हॉस्टल**



पेज-2

**रिलीज हुआ 'पेड्डी पहलवान' का लुक**



पेज-5

**400 टन वजनी बो स्ट्रिंग गर्डर लॉन्च**



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- मुंबई : अपहरण और लूट के आरोप में दो पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार
- दिल्ली : सम्राट होटल में बने क्लब में फॉल सीलिंग गिरने से तीन लोग घायल
- काठमांडू : गिरफ्तारी के बाद नेपाल के पूर्व PM केपी शर्मा ओली को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल लाया गया
- सीरिया के दमिश्क और उसके आसपास के इलाकों में जोरदार धमाके

# इजराइल ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला किया



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)** ● इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के यज्द में यूरेनियम प्रोसेसिंग प्लांट को निशाना बनाया है। इजराइली सेना के मुताबिक, हमले में उस फैसिलिटी को निशाना बनाया गया जहां यूरेनियम इनरिचमेंट के लिए जरूरी प्रोसेसिंग होती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि इन हमलों के लिए इजराइल को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि खोंडाब हेवी वॉटर फैसिलिटी और अरदाकन येलोकैक प्रोडक्शन प्लांट पर भी हमले किए गए हैं, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा है कि इस हमले के बाद आसपास के इलाकों में रेडिएशन स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। एजेंसी ने कहा कि वह इस घटना की जांच कर रही है और हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है।

ईरान ने भारतीय बच्चों के गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। भारत में ईरान के दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है।

जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा। ईरानी दूतावास ने भारतीय बच्चों से मिली गुल्लक की इस तस्वीर को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है। ईरान ने शुक्रवार को इजराइल पर दागी गई मिसाइलों पर थैंक यू इंडिया लिखकर आभार जताया। ईरानी सेना के मुताबिक यह संदेश उन देशों के लिए बताया गया जिन्होंने ईरान के प्रति समर्थन दिखाया है। ईरान ने शुक्रवार को इजराइल में ड्रोन किए। ईरानी सेना के मुताबिक, तेल अवीव में अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने शुक्रवार को इजराइल में ड्रोन किए। ईरानी सेना के मुताबिक, तेल अवीव में अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के दो बड़े स्टील कारखानों और कुछ परमाणु ठिकानों पर हवाई हमला किया। इन हमलों के बाद ईरान ने कड़ा जवाब देने की चेतावनी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हमले खुजेस्तान स्टील प्लांट और मोबारेकेह स्टील प्लांट पर किए गए, जो ईरान के बड़े कारखाने हैं। इससे ईरान की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो सकता है और उसकी स्टील इंडस्ट्री बुरी तरह डैमेज हो सकती है। यह पहली बार है जब इजराइल ने ऐसे इंडस्ट्रियल ठिकानों को निशाना बनाया है, जो सीधे तौर पर सेना या तेल-गैस से जुड़े नहीं हैं। इस हमले का आदेश इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री ने दिया था। इनमें से एक मिसाइल तेल अवीव के मार्केट में गिरी, जहां आमतौर पर काफी लोग होते हैं। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हमला उस समय हुआ जब एक दिन पहले इजराइल ने ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे। माना जा रहा है कि ईरान ने उसी का जवाब देने के लिए यह हमला किया। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में इस समय लोगों और नेताओं को यह मानना है कि अमेरिका उन पर दबाव बना रहा है। अमेरिका पहले हमले करता है और फिर बातचीत के लिए कहता है। ईरानी लोगों का मानना है कि इस तरह की बातचीत उनके देश के लिए ठीक नहीं होगी, क्योंकि इससे उनकी आजादी और ताकत पर असर पड़ सकता है। इसलिए वहां के नेता और सेना दोनों एक जैसी सोच रखते हैं और मजबूती से जवाब देने की नीति पर चल रहे हैं। ईरान का यह भी कहना है कि पहले भी जब दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही थी, तब अचानक हमले हुए थे।

# लॉरेंस गैंग पर शिकंजा : एसआईटी संभालेगी जांच की कमान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● 'इंदौर के तुकोगंज में बिल्डर संजय जैन से 15 करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में आज दो सबसे बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं। पहला—कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे मनीष जांगिड़ की पुलिस रिमांड आज समाप्त हो रही है, जिसे अब जेल भेजा जा सकता है। और दूसरा सबसे बड़ा अपडेट—लॉरेंस गैंग से जुड़े प्रदेश भर के तमाम अपराधों की जांच अब नवनियुक्त एसआईटी को सौंप दी गई है। डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश पर गठित यह विशेष टीम अब इस पूरे अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट की जड़ों तक पहुँचेगी। देखिए हमारी यह रिपोर्ट।'



इंदौर के तुकोगंज थाने में दर्ज 15 करोड़ की फिरौती के मामले ने अब पूरे प्रदेश की पुलिस को अलर्ट मोड पर ला दिया है। आरोपी मनीष जांगिड़, जिसे अशोकनगर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया था, उसकी एक दिन की अतिरिक्त रिमांड आज खत्म हो रही है। पूछताछ में मनीष ने गैंग के कई सफेदपोश मददगारों और 'हैरी बॉक्सर' उर्फ प्रतीक शुक्ला के कनेक्शन के राज उगले हैं। अब पुलिस उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी में है।पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित यह एसआईटी अब यह पता लगाएगी कि कैसे विदेशी नंबरों और व्हाट्सऐप कॉल के जरिए बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकियां दी जा रही थीं। इंदौर के तुकोगंज, क्राइम ब्रांच और किशनगंज में दर्ज मामलों की केस डायरी अब भोपाल स्थित एसटीएफ मुख्यालय भेजी जा रही है। जांच का मुख्य केंद्र यह है कि जेल की सलाखों के पीछे बैठा मनीष जांगिड़ और बाहर घूम रहा प्रतीक शुक्ला किस तरह इस नेटवर्क को ऑपरेट कर रहे थे।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि 'आरोपी मनीष जांगिड़ की रिमांड आज समाप्त हो रही है, जिसके बाद उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। चूंकि अब प्रदेश स्तर पर एसआईटी का गठन हो चुका है, इसलिए हमारे यहाँ दर्ज प्रकरणों की जांच डायरी और अब तक की पूछताछ के इनपुट्स एसआईटी को सौंपे जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अब यह टीम पूरे गिरोह और उनके नेटवर्क की गहराई से पड़ताल करेगी। 'एसआईटी के गठन के बाद अब जांच का दायरा केवल इंदौर तक सीमित नहीं रहेगा। एडीजी श्री निवास वर्मा के नेतृत्व में टीम यह खंगालेगी कि लॉरेंस गैंग के तार और किन-किन शहरों के गुर्गों से जुड़े हैं। मनीष जांगिड़ से मिली शुरुआती लीड्स अब इस हाई-प्रोफाइल मामले में बड़े खुलासे का आधार बनेंगी।

# रावजी बाजार में पैसे के विवाद में की हत्या

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया था जहां आपसी पैसों के विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। खास बात यह रही कि पुलिस ने तेजी दिखाते हुए महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

रावजी बाजार इलाके में रहने वाले फिरोज अंसारी की उसके पुराने दोस्त अरबाज ने हत्या कर दी। डीसीपी ने शुक्रवार 4 बजे बताया कि दोनों के बीच पिछले कई सालों से पैसों का लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था।घटना के दिन दोनों की मुलाकात इलाके में हुई,जहां पहले शराब पी गई और फिर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।



विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी अरबाज ने धारदार हथियार से फिरोज अंसारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।गंभीर रूप से घायल फिरोज को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई और टीम गठित कर उसकी तलाश शुरू की गई।

तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने रेलवे पटरी के पास घेराबंदी कर आरोपी अरबाज को गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है।

## खातीवाला टैंक में शव बरामद

**इंदौर।** थाना जूनी इंदौर के खातीवाला टैंक मे पूजा नमकीन के सामने रवि तलरेजा नामक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। यह घटना रात 9 बजे के तकरीबन की बताई जा रही है। मृतक की पहचान सिंधी कालोनी निवासी रवि तलरेजा नामक युवक की बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या की आशंका भी हो सकती है। परिवारजनों का कहना इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस बाबद क्षेत्र के डीसीपी से मुलाकात करेंगे और उन्हें सही स्थिति बताएंगे।

# कार्रवाई : 4636 वाहनों पर व्हील लॉक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यातायात के चारों जोन के लिए विशेष पेट्रोलिंग/व्हील लॉक टीमों द्वारा 19 फरवरी 2026 से लगातार सुगम यातायात के लिए कार्यवाही की जा रही।

इन टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गों, प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं यातायात दबाव वाले स्थानों पर अव्यवस्थित एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है। इसी क्रम में 19 फरवरी से 26 मार्च तक यातायात की सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है तथा नो पार्किंग का उल्लंघन करने वाले 4636 वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर वैधानिक कार्यवाही की गई।

**इन क्षेत्रों में कार्यवाही की गई-**

यातायात जोन-1 **:** कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से गौराकुण्ड, इमली बाजार, अंतिम चौराहा, मरीमाता से बाणगंगा तक कार्रवाई।

**यातायात जोन-2 :** मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, एलआईजी, रसोमा, मेदांता रोड, बंगाली, विजयनगर क्षेत्र में कार्यवाही

**यातायात जोन-3 :** रेलवे स्टेशन, जेल रोड, एमटीएच, आरएनटी मार्ग, एमजी रोड, व्हाइट चर्च से दवा बाजार, मधु मिलन, जंजीरवाला, पलासिया से व्हाईट चर्च, घण्टाघर से गीताभवन सड़क के दोनों तरफ कार्यवाही।

**यातायात जोन-4 :** सपना संगीता, टॉवर चौराहा से खातीवाला टैंक, सिंधी कालोनी, राजवाड़ा क्षेत्र, जवाहरमार्ग, खजूरी बाजार, सराफा क्षेत्र, भवरकुआ से भोलाराम उस्ताद मार्ग।

पेट्रोलिंग टीमों द्वारा मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत भ्रमण करते हुए पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन/सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक एवं पीओएस मशीन की सहायता से अवैध पार्किंग कर यातायात बाधित करने वाले 4636 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई वही हजारो वाहनों को एनाउंसमेंट कर हटाया गया।

# मप्र में 30 मार्च से 2 अप्रैल तक आंधी और बारिश के आसार



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। प्रदेश में दूसरा मजबूत वेदर सिस्टम एक्टिव हो गया है, जिसके चलते कई जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का यही बदला हुआ मिजाज बना रहेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ ट्रफ लाइन सक्रिय है। इसके अलावा अन्य मौसमी सिस्टम भी एक साथ काम कर रहे हैं। इन सिस्टम्स के प्रभाव से वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्मी के बाद शाम होते-होते कई जगहों पर मौसम बदल रहा है और आंधी के साथ बारिश हो रही है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि इस पूरे सिस्टम का असर 30 मार्च को और ज्यादा बढ़ सकता है। इस दिन प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं का असर भी देखने को मिल सकता है। प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर सहित कई जिलों में मौसम का यह बदलाव साफ तौर पर देखा जा रहा है। कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश दर्ज की गई है, जबकि कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बादल छाए हुए हैं। कुछ इलाकों में गरज-चमक की स्थिति भी बनी हुई है। मौसम में बदलाव के बीच तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दिन के समय गर्मी का असर बना हुआ है और कई जिलों में पारा 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है।खजुराहो और नौगांव में अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। ग्वालियर, रीवा और सागर में तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच रहा। भोपाल और इंदौर में अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

# ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 27 ग्राम ब्राउन शुगर (अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 2,70,000) एवं एक मोटर साइकिल जप्त। इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना राऊ को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए कुख्यात तस्कर अंकित उर्फ बाबा सहित तीन आरोपियों को ब्राऊन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में थाना राऊ पुलिस द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी कड़ी में दिनांक 26/03/2026 की रात्रि में क्षेत्र भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान रंगवासा फाटा, गुरुकुल मैदान के पास सुनसान इलाके में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 27 ग्राम ब्राउन शुगर मिलीं जिसे विधिवत जप्त किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शहर में मादक पदार्थ की सप्लाई कर युवाओं को नशे की लत लगाने तथा अपना नेटवर्क विस्तार करने में सक्रिय थे। आरोपियों के विरुद्ध थाना



राऊ, इंदौर में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, जिसमें विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही अवैध मादक पदार्थ के स्रोत एवं अन्य साथियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी**

अंकित उर्फ बाबा पंचोली, उम्र 30 वर्ष, निवासी राजनगर, इंदौर

महिपाल उर्फ मोहित विष्ट, उम्र 29 वर्ष, निवासी रंगवासा, राऊ, इंदौर

श्याम बैरागी, उम्र 44 वर्ष, निवासी राजनगर, इंदौर

**जप्त मश्रुका**

27 ग्राम ब्राउन शुगर (अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 2,70,000) व एक मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर) कीमत 60,000 कुल जप्त मश्रुका 3,30,000

सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राऊ निरीक्षक राजपाल सिंह राठौड़, उप निरीक्षक प्रवीण जाधव, प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी, आरक्षक कमलेश चोरे, नारायण यदुवंशी, उपेंद्र, सुनिल एवं साइबर सेल जोन-1 की अहम भूमिका रही।

न्यूज ब्रीफ

## पांच बड़े पापों का नाश करने वाला व्यक्ति स्वर्ग में जाता है-विमल सागर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विमल सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश आज महावीर दिगंबर जैन मंदिर संगम नगर में हुआ । रास्ते भर समाजजनों ने मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया और आरती उतारी। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि मंदिर जी में श्री जी के कलश के बाद मुनि श्री के श्री मुख से शांति धारा करवाई गई । शांति धारा करने वाले पुण्य शाली थे- धर्मेश तेजपाल (घाटोल) , रमेश चंद जैन बंडा वाले, पारस - आशीष गदिया एवं अखिलेश - दक्ष जैन परिवार। पूज्य मुनि संघ ने संगम नगर में बन रहे संत सदन का अवलोकन किया व कहा कि यह कार्य बहुत जरूरी था , इससे संतों का चातुर्मास यहां होने लगेगा और समाज को हमेशा धर्म लाभ मिलता रहेगा।

## मुख्यमंत्री ने पेट्रोल-डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती का किया स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम एशिया में इन दिनों हो रही भारी उथल-पुथल के बीच भारत सरकार द्वारा घरेलू खपत के लिए डीजल-पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर कटौती और डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर एवं हवाई ईंधन (एटीएफ) पर 29.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगाये जाने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का यह निर्णय पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने में बेहद महत्वपूर्ण है। इससे वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का असर भारतीय उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा और घरेलू खपत के लिए इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से जुड़े प्रकरणों की जांच के लिए एसआईटी गठित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश के अशोकनगर, इंदौर (शहर एवं देहात), खरगोन एवं भोपाल जिलों के थानों में दर्ज अंतर्राज्यीय संगठित आपराधिक प्रकरणों की प्रभावी जांच के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसटीएफ श्री श्रीनिवास वर्मा के पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। एसआईटी का प्रभार पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल) भोपाल श्री राहुल कुमार लोढ़ा को दिया गया है।

## श्रेया घोषाल तीन दशकों में लाइव एल्बम लॉन्च करने वाली भारत की पहली महिला कलाकार बनीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय संगीत की सबसे पसंदीदा और प्रतिष्ठित आवाजों में से एक, श्रेया घोषाल ने अपने हालिया ऑल हार्ट्स टूर की विशेष रिकॉर्डिंग वाले लाइव टूर एल्बम को रिलीज़ कर इतिहास रच दिया है। पिछले तीन दशकों में ऐसा करने वाली वह भारत की पहली महिला कलाकार बन गई हैं। अपनी भावपूर्ण आवाज़ और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचानी जाने वाली श्रेया का यह लाइव एल्बम उनके प्रशंसकों के लिए एक दिल छू लेने वाला उपहार है। यह एल्बम उस वास्तविक ऊर्जा, भावनात्मक गहराई और संगीतमय प्रतिभा को कैद करता है जिसने ऑल हार्ट्स टूर को परिभाषित किया, जो श्रोताओं को कॉन्सर्ट जैसा एक शानदार अनुभव प्रदान करता है। हैं, 'द ऑल हार्ट्स टूर - लाइव' एल्बम मेरे लिए बेहद खास है। पहली बार, मैं कॉन्सर्ट रिकॉर्डिंग रिलीज़ कर रही हूँ ताकि मेरे श्रोता उसी भावना और ऊर्जा को फिर से महसूस कर सकें।

# डीएवीवी में तैयार हो रहा फॉरेन स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल

## 2 करोड़ से बनेगा इंटरनेशनल हॉस्टल; 2013 में बनाई थी योजना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉस्टल बनाया जा रहा है। इस हॉस्टल का निर्माण खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में ऑडिटोरियम के पास किया जा रहा है। हॉस्टल को बनाने में लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हालांकि यह हॉस्टल 13 साल पहले ही तैयार हो जाना था। दरअसल, इस हॉस्टल की योजना 2013 में तत्कालीन कुलपति प्रो. डीपी सिंह के समय शुरू हुई थी। 2017 में तत्कालीन कुलपति डॉ. नरेंद्र धाकड़ ने भी इसे आगे बढ़ाने की बात कही थी, लेकिन योजना लागू नहीं हो सकी।

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी प्रबंधन का कहना है कि इस हॉस्टल के निर्माण से



अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी और डीएवीवी की वैश्विक पहचान मजबूत होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान यानी पीएम-यूएसएचए के तहत लागू की जा रही है, जो राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) का संशोधित रूप है।

इसके अंतर्गत डीएवीवी को 20 करोड़ रुपए का अनुदान स्वीकृत हुआ है। ऑडिटोरियम के पास तैयार हो रहे इस हॉस्टल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार डिजाइन किया जा रहा है। इसमें 50 कमरे होंगे, जिनमें बेडरूम, किचन और अटैच बाथरूम की सुविधा रहेगी। यह जी+1 यानी दो मंजिला भवन करीब 15 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है। निर्माण मध्यप्रदेश भवन विकास निगम कर रहा है।

**एक और बिल्डिंग हो रही तैयार**-देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में हॉस्टल के साथ ही तक्षशिला परिसर में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के पास स्कूल ऑफ डेटा साइंसेज एंड फोरकास्ट की बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह जी+2 संरचना में होगी। इसमें क्लासरूम, प्रोफेसरों के केबिन और आधुनिक सुविधाएं होंगी। इस पर भी करीब दो करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

**मैथ्स और स्टैटिस्टिक्स विभाग मर्ज होंगे**-डीएवीवी ने एक बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत अब मैथ्स व स्टैटिस्टिक्स विभाग आपस में मर्ज होंगे। ये दोनों मिलाकर एक ही विभाग बनेगा। वहीं स्कूल ऑफ योग और स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन भी मर्ज होने जा रहे हैं।

यही नहीं, लाइफ लॉन्ग लर्निंग विभाग अब नए सत्र से स्किल डेवलपमेंट सेंटर में मर्ज हो जाएगा। इसके साथ ही सेंटर फॉर लॉजिस्टिक्स का स्कूल ऑफ टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट में विलय किया जाएगा। इसके अलावा डीएवीवी में 10 नए कोर्स भी जल्द ही शुरू होने जा रहे हैं। इसमें ट्राइबल इंस्टिट्यूट के अंतर्गत एमबीए ट्राइबल डेवलपमेंट कोर्स 30 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का विशेष आयोजन संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सांवेर की नवांकुर संस्था सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर - 02 द्वारा जल शक्ति से नव भक्ति (सुरक्षित जल समृद्ध कल) के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथी कुन्दन करड़वाल रहे, कार्यक्रम के प्रमुख बिन्दुओं में - मानस पाठ, भजन संध्या, देवीगीत, संकीर्तन, कलश यात्रा, भूमि पूजन, वृक्ष पूजन, जल स्रोत पूजन, आरती के साथ संगोष्ठी आदि प्रमुख रहे। सर्व प्रथम राम नवमी के उपलक्ष्य मे राममंदिर मे भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमे सभी श्रद्धालुओं ने आरती मे भाग लिया उसके पश्चात् भजन एवं संकीर्तन के साथ भक्तिमय वातावरण का निर्माण सोनु कोटवाल, मोनु कोटवाल, एवं उपस्थित श्रद्धांलुओं ने किया। तत्पश्चात कृष्ण कुमार जी ने जल संरक्षण पर अपनी बात रखते हुए इसे आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए नदियों के महत्व और पंचतत्वों में जल के महत्व के विषयों पर विस्तार से बताया साथ ही पानी की बचत के लिए महत्वपूर्ण क्रियाकलापों पर चर्चा की। तत्पश्चात कलश यात्रा के साथ राम परिसर जाकर भूमि पूजन, वृक्ष पूजन एवं जल स्रोत पूजन करके प्रसाद वितरण किया गया। नवांकुर संस्था अध्यक्ष शरद मांड़ीवाल,तरुण मांड़ीवाल,मेंटर दीपक जारवाल एवं प्रस्फुटन समिति सदस्य उपस्थित रहे।





### जलकुंभी हटाने के लिए प्लान बनाने, अपशिष्ट जल की रोक के लिए मॉनिटरिंग के निर्देश

## जलकुंभी से ढंका सिरपुर तालाब देख हैरान हुए आयुक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार प्रातः शहर की सफाई एवं सिरपुर तालाब क्षेत्र सहित मूसाखेड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ वर्कश वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे, उपयंत्री आकाश जैन संबंधित क्षेत्रीय जोनल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में निगमायुक्त सिंघल ने कर्बला मैदान, रणजीत हनुमान, चंदननगर एवं सिरपुर तालाब क्षेत्र में स्थित सीटीपीटी (कम्युनिटी टॉयलेट) की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान झोन 12 एवं 15 क्षेत्र में सफाई कार्य में लापरवाही करने पर सीएसआई का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। वहीं सिरपुर तालाब के बाहर सीटीपीटी में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर आयुक्त द्वारा संबंधित संचालनकर्ता एजेंसी पर 5 हजार रुपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त सिंघल ने सिरपुर तालाब जो कि एक महत्वपूर्ण रामसर साइट है का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। आयुक्त द्वारा तालाब के समीप स्थापित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का अवलोकन किया गया तथा प्लांट के माध्यम से तैयार किए जा रहे ट्रीटेड वाटर के उपयोग एवं तालाब में छोड़े जा रहे जल की गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही आयुक्त द्वारा सिरपुर तालाब में फैल रही जलकुंभी (वाटर हायसिंथ) को तालाब से जलकुंभी हटाने के लिए प्लान बना कर कार्यवाही करने के निर्देश वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे एवं सीवरेज शाखा के संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि तालाब की स्वच्छता एवं जैव विविधता को बनाए रखा जा सके।

# तीन बार टला दौरा या तीन बार टली हिम्मत ? इंदौर इंतज़ार में है, राजनीति नहीं!

### तंज के साथ कांग्रेस का न्योता—पहले कलह सुलझाएं, फिर इंदौर आएं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का इंदौर दौरा लगातार तीन बार निरस्त होना अब महज एक संयोग नहीं, बल्कि भाजपा की अंदरूनी खींचतान का खुला प्रदर्शन बन चुका है। सवाल यह है कि यह दौरा टल रहा है या फिर इंदौर आने की हिम्मत?

कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश जोशी ने तीखा व्यंग्य करते हुए कहा कि लगता है भाजपा की अंदरूनी राजनीति इतनी 'व्यस्त' है कि इंदौर जैसे शहर के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। या फिर यह भी हो सकता है कि इंदौर की जनता के बीच आने से पहले 'अंदरूनी समीकरण' ठीक करना ज्यादा जरूरी समझा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर कोई राजनीतिक प्रयोगशाला नहीं है, जहां कार्यक्रम बनाओ और बिगाड़ो। यह देश का गौरवशाली शहर है, जो अपने सम्मान और आत्मीयता के लिए जाना जाता है। यहां मेहमानों का स्वागत दिल से होता है, लेकिन बार-बार कार्यक्रम रद्द करना यह संदेश देता है कि शायद इंदौर भाजपा की प्राथमिकता सूची में कहीं नीचे खिसक चुका है। इसी क्रम में कांग्रेस नेताओं ने तंज भरे अंदाज में श्याम टेलर को एक औपचारिक आमंत्रण पत्र भी भेजा है, जिसमें व्यंग्यात्मक भाषा में लिखा गया है कि यदि इंदौर आने से पहले 'अंदरूनी कलह निवारण समिति' से अनुमति लेना अनिवार्य है, तो कृपया पहले वही प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि चौथी बार कार्यक्रम निरस्त न हो। विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने चुटीले अंदाज में कहा कि अगर दौरा तय करने से पहले 'अंदरूनी कलह निवारण समिति' की अनुमति जरूरी है, तो कृपया पहले वही निपटा लें—ताकि चौथी बार इंदौर का नाम सिर्फ कागजों में ही न रह जाए। उन्होंने आगे कहा कि इंदौर की जनता अब यह सोचने लगी है कि दौरा निरस्त होना एक आदत बन गई है या रणनीति। अगर यह रणनीति है, तो यह शहर के सम्मान के साथ न्याय नहीं है।

दोनों नेताओं ने श्याम टेलर को पुनः आमंत्रित करते हुए कहा कि राजनीति से थोड़ा समय निकालकर इंदौर जरूर आएं—यहां की जनता आपके स्वागत के लिए तैयार है, चाहे वह सवालों के साथ हो या फिर इंदौर की मशहूर दाल-बाटी के साथ आत्मीयता से। अंत में उन्होंने कहा कि इंदौर इंतज़ार कर सकता है, लेकिन अपने सम्मान के साथ समझौता नहीं। अब निर्णय श्याम टेलर को करना है—दौरा करेंगे या फिर अगली बार भी खबरों में सिर्फ 'निरस्त' ही छपवाएंगे।



## श्री साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री साईं पालकी विशाल शोभा यात्रा श्रम शिविर से रामनवमी के उपलक्ष में श्री साईं बाबा की पालकी में इंदौर शहर के साईं भक्ति ने भाग लिया पालकी में बाबा के भजन एवं रामनवमी के विशेष भजनों के साथ भक्ति नाश्ते गेते मस्ती में चल रहे थे जिसमें साईं समिति के अध्यक्ष छोटू शुक्ला प्रकाश तोमर बी सी सोनी पत्रकार रमेश घाटे अन्य साईभक्ति यात्रा में सम्मिलित हुए एवं यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया मंच से ठंडा कोल्ड ड्रिंक पानी की बोतल आइसक्रीम वितरण कोई पालकी यात्रा का समापन स्काउट ग्राउंड में हुआ आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें साईं भक्तों ने महाप्रसादी का आनंद लिया कवरेज एवं फोटो प्रधान संपादक राजनीति के महाभारत बी सी सोनी द्वारा



## मंत्र आत्मा से साक्षात्कार कराने वाली दिव्य शक्तिः मुनिश्री आदित्य सागर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आधुनिक जीवन की भाग-दौड़ और मानसिक तनाव के बीच स्वयं को पुनः खोजने और आत्मिक शांति प्राप्त करने के उद्देश्य से नरसिंह वाटिका में शुक्रवार को तीन दिवसीय 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर' का भव्य शुभारंभ हुआ। परम पूज्य मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा साधक और जिज्ञासु जन एकत्रित हुए। शिविर का प्रारंभ अत्यंत भावपूर्ण एवं ऊर्जावान वातावरण के साथ हुआ, जहाँ प्रातः कालीन सामूहिक मंत्र साधना में साधक मंत्रमुग्ध नज़र आए। मुनि श्री से 'मंत्राक्ष' का बीजाक्षर पाकर कई साधक भावुक हो उठे। इस आध्यात्मिक आयोजन की महत्ता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें शामिल होने के लिए इंदौर के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में साधक पहुँचे हैं। मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने शिविर के दौरान साधकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मंत्र सिर्फ शब्द नहीं बल्कि वह शक्ति है, जो आपको आपसे मिलाती है। शिविर के पहले दिन साधक तन और मन दोनों से खुद की खोज में लीन दिखे और मुनि श्री के विभिन्न सत्रों को लेकर उनमें उत्सुकता देखी गई। यह शिविर 28 और 29 मार्च तक अनवरत जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 5:15 से 7:30 बजे तक मंत्र और अक्षरों के मिलन के माध्यम से आत्म-साधना की गहन यात्रा कराई जाएगी।

## अब वाराणसी में गूंजेगी सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में मोहन सरकार भारतीय ज्ञान परंपरा और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गौरवमयी अभियान विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत, मोक्षदायिनी नगरी वाराणसी में आगामी 3 से 5 अप्रैल तक भव्य 'महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष रुचि और दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी पहुँच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य केवल एक शासक नहीं, बल्कि भारतीय न्यायप्रियता, वीरता और सुशासन के जीवंत प्रतीक हैं। वाराणसी में होने वाला यह महानाट्य जन-जन को उस वैभवशाली कालखंड से परिचित कराएगा।

## मैं समाज हित,एकता और समाज के विकास के लिए कार्य करूंगा-आनंद गोधा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा का दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में फेडरेशन सहित समाज की 65 संस्थाओं ने शाल श्रीफल, मोतियों की माला दुपट्टा और पगड़ी पहनकर का उनका सम्मान किया?। उदासीन आश्रम स्थित कुंदकुंद ज्ञानपीठ परिसर के सभागृह में आयोजित समारोह में अपने सम्मान के प्रति आभार एवं मन की



बात मन से करते हुए गोधा ने कहा कि मैं मान, सम्मान और अभिमान के लिए अध्यक्ष नहीं बना हूं मेरी जीत आप सब की जीत है।

## पालने में दुलारते हुए राम लला की जन्म आरती में शामिल हुए हजारों



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●। दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर गत 19 मार्च से चल रहे 'सबके राम' महोत्सव का गरिमापूर्ण समापन शुक्रवार शाम प्रेम मंदिर में विराजित राम दरबार की दिव्य महाआरती एवं उसके पूर्व दोपहर में पालने में विराजित नन्हें प्रभु श्रीराम लला की जन्म आरती के साथ शहर के हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ। संघ, विहिप, बजरंग दल एवं विद्यार्थी परिषद से जुड़े सभी स्तर के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवकों एवं सनातन धर्म से जुड़े 21 समाजों के पदाधिकारियों ने जन्म आरती में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। भक्तों में प्रभु राम का पालना झुलाने की होड़ मची रही। हजारों दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों को मंत्रमुग्ध होकर निहारा। संतों ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सबके राम जैसे महोत्सव निरंतर होते रहना चाहिए। 'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि समापन बेला में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा, पार्षद सतनाम सिंह खनूजा, पार्षद संदीप दुबे एवं शिखा दुबे, समाजसेवी हरीश विजयवर्गीय, श्रीमती सीमा सेन, विहिप के मालवा प्रान्त से आरती जायसवाल, शहर भाजपा उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, सुमित तिवारी सहित बड़ी संख्या में शहर संतों महंतों के सानिध्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 28 मार्च 2026

न्यूज ब्रीफ

## संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर शोभायात्रा 14 अप्रैल को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकलेगी। यात्रा का प्रथम निमंत्रण खजराना गणेश को अर्पित किया। सेन समाज की मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी ऐतिहासिक शोभायात्रा केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर के अध्यक्ष निलेश सेन (शेलू) और कार्यकारी अध्यक्ष संदीप श्रीवास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेन जयंती एकता शोभायात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर सेन स्मारक चौराहा चाणक्यपुरी पर संपन्न होगी जिसमें सेन समाज के सभी 19 गौठ ओर संगठन बारबर एसोशिएशन के पदाधिकारी और सेन समाज के लोग जुटेंगे। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती शोभायात्रा का प्रथम निमंत्रण श्री गणेश मंदिर खजराना में सेन समाज की महिलाओ द्वारा पूजा अर्चना कर दिया । निमंत्रण देकर समाज के घर-घर निमंत्रण बाटे जाएंगे इस उपलक्ष्य में आज सेन समाज के सभी संगठन के लोगों द्वारा मंदिर में पूजा करके भगवान श्री गणेश जी को निमंत्रित किया ।

## श्रेष्ठ कर्मो से ही व्यक्ति को होती है पुण्य की प्राप्ति : आचार्य शैलेंद्र तिवारी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जीवन में हर व्यक्ति को अच्छे कर्म करना चाहिए,श्रेष्ठ कर्मो से ही व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है,जो व्यक्ति राम नाम का स्मरण करता है उसकी सारी चिंताएं दूर हो जाती है,उसके जीवन में सुख की प्राप्ति होती है,कथा श्रवण करने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है,जीवन में सनातन धर्म और दया होना ही चाहिए है,धैर्यवान बने,जो किसी के चेहरे पर मुस्कराहट लाए वही धर्मात्मा है,संतो और ब्राह्मणो का कभी अपमान नही करना चाहिए,संयमित जीवन जीना चाहिए,संसार में जो संकल्प ले उसे पूरा करना ही चाहिए,रामजी की कृपा उस भक्त पर होती है जिसका मन निर्मल होता है,सत्कर्मों में जिसकी बुद्धि लगी रहती है उसकी बुद्धि शुद्ध रहती है, सत्य से बड़ा कोई तप नहीं है झूठ से बड़ा कोई पाप नहीं होता है जिसके मन में सत्य रहता है उसके मन में परमात्मा रहते है,हमेशा सत्य ही बोलना चाहिए और सत्य के मार्ग पर ही चले, कभी भी बिल्कुल क्रोध नहीं करना चाहिए,मन को शांत रखना चाहिए,जीवन में दया जरूरी है,हर व्यक्ति को बुर्जेगो का सम्मान करना चाहिए, जिस व्यक्ति का जीवन सिद्धांत वादी होता है उसके यहां श्रेष्ठ संतान का जन्म होता है, राम कथा लोक कल्याण करती है,जीवन में अधर्म के मार्ग पर कभी नही चलना चाहिए। यह बाते शुक्रवार को आचार्य पं. शैलेंद्र तिवारी ने हुजूरगंज स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के चौथे दिन कही। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा हमे अपने से बड़ों का आदर मान सम्मान करना चाहिए।

# रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

## करोड़ों के प्रोजेक्ट से बेसमेंट और पार्सल बिल्डिंग का काम शुरू

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●रेलवे स्टेशन को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए चल रहे अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य के एक अहम चरण की शुरुआत हो गई है। करीब 412 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट के तहत बेसमेंट और पार्सल बिल्डिंग के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। यह परियोजना इंदौर रेलवे स्टेशन को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और यात्री-अनुकूल स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं

रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर और विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके। इस पहल से स्टेशन शहर की आधुनिक पहचान का प्रतीक भी बनेगा। निर्माण कार्य के तहत बेसमेंट तैयार करने के लिए प्लेटफॉर्म स्तर से लगभग सात मीटर नीचे तक खुदाई की गई है। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी स्वयं निर्माण स्थल पर पहुंचे और सात मीटर नीचे उतरकर कार्य का निरीक्षण किया।




### जरूरत के अनुरूप विकसित करें स्टेशन

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह परियोजना शहर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगी और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि उद्देश्य सिर्फ स्टेशन का भौतिक स्वरूप बदलना नहीं है, बल्कि इसे आधुनिक जरूरतों के अनुरूप विकसित करना है, ताकि यात्रियों को उच्च स्तर की सेवाएं मिल सकें। यह परियोजना इंदौर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है।

### पूजा के साथ किया कार्य का शुभारंभ

पार्सल बिल्डिंग के निर्माण का काम भी शुरू किया गया। इस मौके पर पश्चिम रेलवे के मुख्य इंजीनियर (निर्माण) धीरज कुमार, रेलवे इंजीनियर अंकुर सिंह और सांसद प्रतिनिधि विशाल गिडवानी सहित कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और आगे की रणनीति पर चर्चा की। सांसद शंकर लालवानी ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि काम गुणवत्ता पूर्ण हो और निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए।



**इंदौर** ● सोशल मीडिया पर स्टंट दिखाकर रील बनाना एक युवक को महंगा पड़ गया। रावजी बाजार थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर युवक विशाल वर्मा की पहचान कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की। युवक से तीन हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया, साथ ही उससे माफी मंगवाकर भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने साफ कहा है-सड़क पर स्टंट नहीं, सिर्फ नियमों का पालन करें।

# श्री राम जन्म उत्सव की इंदौर में धूम

## नंदा नगर में बनी अयोध्या के रामलला की प्रतिकृति धार्मिक अनुष्ठान के साथ मना राम जन्मोत्सव

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लिया राम जन्मोत्सव में हिस्सा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● चैत्र नवरात्रि के समापन के साथ नवमी तिथि के मौके पर शहर भर में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर नंदानगर स्थित साईं मंदिर परिसर में अयोध्या के रामलला की बड़ी प्रतिकृति रखकर,श्रीराम जन्मोत्सव के साथ ही सद्गुरु साईनाथ मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर श्री राम जन्म उत्सव के पूर्व रामायण पाठ, हवन और महाआरती हुई, जिसमें कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, समाजसेवी विजय मित्तल, के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया,सभी ने विधि विधान के साथ पूजन रचन किया, इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से चर्चा करते हुए सभी को श्रीराम के जन्म उत्सव की बधाई दी। साथ ही कहा कि आज संपूर्ण समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के दिखाए मार्ग चलने की



आवश्यकता है, तभी शांति आ सकती है।दरअसल नंदा नगर में मना श्री राम जन्म उत्सव इसलिए भी आकर्षण का केंद्र रहा क्योंकि यहां मौजूद राम भक्तों को रामलला की प्रतिकृति अयोध्या धाम की अनुभूति करवा रही थी यहां पूरा माहौल राम मय नजर आ रहा था, जो देखते ही बन रहा था।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग तथा जिला शिक्षा अधिकारी ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग तथा जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर द्वारा 26 मार्च को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय इंदौर के सभा कक्ष में जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं हाई स्कूल प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों, प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि नवीन शिक्षा सत्र 01 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर 'प्रवेश उत्सव' को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए सभी प्राचार्यों को विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, सजावट, रंगोली, पेंटिंग एवं सेल्फी पॉइंट तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पालकों को आमंत्रित करने के लिए भी कहा गया। बैठक में 19 मार्च से 30 जून



तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए तिथिवार कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर एवं रंगोली, जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण एवं पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी प्राचार्यों को कार्यक्रम के बाद प्रतिवेदन, फोटो एवं पेपर कटिंग भेजना अनिवार्य किया गया। विकासखंड कार्यालयों में प्राप्त पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्यों को कहा गया कि वे सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों में वितरण करें तथा इसकी ऑनलाइन एंट्री भी पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मई माह में आयोजित होने वाली द्वितीय परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। टाइम टेबल मंडल कार्यालय द्वारा जारी किया जा चुका है।

# डॉ. चेतना दीक्षित का अंतरराष्ट्रीय चयन थाईलैंड में महिला सशक्तिकरण के वैश्विक मंच पर देंगी विचार

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर की प्रख्यात ओरल एवं डेंटल सर्जन डॉ. चेतना दीक्षित ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट उपलब्धि अर्जित कर इंदौर सहित देश का गौरव बढ़ाया है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले वैश्विक समारोह में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही उन्हें इंटरनेशनल वुमेन डे अवॉर्ड 2026 के लिए नामांकित किया गया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन यूनाइटेड पीस कीपर्स फेडरल काउंसिल के



तत्वावधान में 29 मार्च 2026 को टीचर्स काउंसिल हॉल, शिक्षा मंत्रालय, बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होगा। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के नीति-निर्माता, राजनयिक, शिक्षाविद एवं महिला नेतृत्व से जुड़ी प्रमुख हस्तियां सहभागी होंगी।

## महिला प्रकोष्ठ के लव यू जिन्दगी कार्यक्रम में सखियों ने जाने ग्रीष्मकाल में संतुलित आहार के टिप्स

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के 'लव यू जिन्दगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में शुक्रवार को 100 से अधिक सखियों ने माणिकबाग रोड स्थित एक होटल पर मौज मस्ती के साथ ग्रीष्मकाल में अपने आहार एवं दिनचर्या को लेकर आहार विशेषज्ञ शैफाली पाठक से संतुलित आहार के अनेक टिप्स प्राप्त किए। इस मौके पर इंस्टाग्राम इन्फ्लूएंसर शौर्य निगम भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रारंभ में प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल ने लव यू जिन्दगी कार्यक्रम और महिला प्रकोष्ठ के उद्देश्यों पर जानकारी देते हुए सखियों से आग्रह किया।

# इंदौर के स्टार्टअप 'एसी डॉक्टर' को 'बेस्ट सर्विस पार्टनर' अवॉर्ड



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कुछ समय पहले इंदौर के दो युवाओं ने स्टार्टअप 'एसी डॉक्टर' द्वारा एसी को साफ करने की एक इनोवेटिव प्रक्रिया तैयार की थी जिसे वे रजिस्टर और पेटेंट भी करवा चुके है।और अब एयर कंडीशनिंग सर्विस सेक्टर में तेजी से उभर रहे एसी डॉक्टर ने इंदौर का नाम रोशन कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। कंपनी को वैश्विक एसी ब्रांड डाइकिन द्वारा 'बेस्ट सर्विस पार्टनर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। खास बात यह है कि एसी डॉक्टर को यह सम्मान डाइकिन के साथ अपने पहले ही वर्ष के सहयोग में मिला है, जो कंपनी की कार्यक्षमता, सर्विस क्वालिटी और ग्राहक संतुष्टि के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। एसी डॉक्टर ने इंदौर में कम समय में ही अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। कंपनी अपने ग्राहकों को तेज, भरोसेमंद और टेक्निकली एडवांस्ड एसी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए जानी जा रही है।

# 'जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम का आयोजन राऊ सेक्टर में किया गया

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●विकासखंड राऊ सेक्टर मैं मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद इंदौर की नवांकुर संस्था अनंत जीवनसेवा एवं शोध समिति द्वारा निर्मित प्रस्फुटन समितियों द्वारा जनजागरूकता और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के राऊ सेक्टर में किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 77 एवं 78 , रालामंडल, मिर्जापुर, असरावद, मोरोद और तिल्लौर गांव के रहवासियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए लोगों को जल बचाने,



वर्षा जल संचयन करने तथा पंछियों के लिए सकोरे बांटे जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे जागरूकता रैली, नारे लेखन, शपथ ग्रहण एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

## इस्कॉन मंदिर पर भी राधा गोविन्द की साक्षी में धूमधाम से मनाया गया श्रीराम का जन्मोत्सव

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर पर रामनवमी का महामहोत्सव श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रभु श्रीराम के प्राकट्य दिवस पर समूचे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं मनोहारी सजावट से श्रंगारित किया गया था। भगवान को 356 प्रकार के विशेष भोग समर्पित किए गए। इसके साथ ही 108 पवित्र तीर्थ स्थलों के जल से भगवान का अभिषेक भी किया गया जिसके दर्शनार्थ मंदिर पर दो हजार से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वामी महामनदास के साथ गिरधरगोपाल दास, लाडली लालदास सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विक्रम सेवा, कीर्तन और भक्ति में भागीदारी दर्ज कराई।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# आईपीएल 2026 : इंतजार खत्म, बंगलुरू-हैदराबाद टीमें होंगी आमने-सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें संस्करण का आगाज होने में अब बस कुछ ही घंटे शेष हैं। साल 2025 में अपना पहला ऐतिहासिक खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू इस बार डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर मैदान में उतरेगी। शनिवार, 28 मार्च 2026 को बंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से मुकाबला शुरू होगा, जबकि शाम सात बजे टॉस होगा। आरसीबी का सामना विस्फोटक सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। 2008 से शुरू हुए इस सफर में आरसीबी ने कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन 2025 का साल इस फ्रेंचाइजी के लिए स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया। दिग्गज विराट कोहली ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ट्रॉफी उठाकर 17 साल का सूखा खत्म किया था। खिताबी जीत के बाद टीम को मालिकाना हक और कुछ अनिश्चितताओं के दौर से गुजरना पड़ा, लेकिन अब बंगलुरू की यह टीम मैदान पर अपने प्रदर्शन से विरोधियों को खामोश करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद की टीम टी-20 क्रिकेट में 'पावर-हिटिंग' की नई परिभाषा लिख चुकी है। 2016 की चैंपियन हैदराबाद 2018 और 2024 में खिताब के बेहद करीब पहुंचकर चूक गई थी। पैट कमिंस की अगवाई में यह टीम एक बार फिर चैंपियन बनने के इरादे से उतरेगी। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाजों के साथ यह यूनिट किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने का माद्दा रखती है।



### इन खिलाड़ियों पर नजर

आरसीबी के नए विकेटकीपर जितेश शर्मा और एसआरएच के लिए खेल रहे ईशान किशन के बीच एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। दिग्गज तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इस बार आरसीबी की जर्सी में अपनी पुरानी टीम हैदराबाद के खिलाफ नजर आएंगे। चिन्नास्वामी की छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड के कारण उम्मीद है कि इस मैच में छक्कों की बरसात होगी।

## पैट कमिंस की वापसी की तैयारी, एसआरएच को मिला बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • सनराईज हैदराबाद के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले राहत भरी खबर सामने आई है। टीम के नियमित कप्तान पैंट कमिंस, जो लंबे समय से बैक इंजरी से जूझ रहे थे, अब धीरे-धीरे फिटनेस की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी वापसी के संकेत देते हुए बताया कि मैदान पर लौटना उन्हें अच्छा लग रहा है। कमिंस ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में भी अपनी रिकवरी को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह अब नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर चुके हैं और तय रिहैब प्लान के अनुसार धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वह टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों में उपलब्ध नहीं रहेंगे, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि ज्यादा समय तक बाहर नहीं रहना पड़ेगा।

## ओलंपिक में ट्रांसजेंडर महिलाओं की एंट्री पर रोक, आईओसी ने बदली नीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने ट्रांसजेंडर एथलीटों को लेकर एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। नई नीति के तहत 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 और भविष्य के सभी ओलंपिक खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं महिला कैटेगरी के इवेंट्स में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं के खेलों में निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया है। आईओसी की नई गाइडलाइन के अनुसार, अब केवल बायोलॉजिकल महिलाओं, यानी जन्म से महिला खिलाड़ियों को ही महिला वर्ग में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए खिलाड़ियों को जीन टेस्ट से गुजरना होगा, जिसमें थूक, ब्लड सैंपल या गाल के जरिए सैंपल लिया जा सकता है। हालांकि, जो एथलीट जन्म के समय महिला थे और बाद में खुद को ट्रांसजेंडर के रूप में पहचानते हैं, उन्हें महिला स्पर्धाओं में भाग लेने की छूट दी गई है। आईओसी की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने इस फैसले को विज्ञान और चिकित्सा सलाह पर आधारित बताया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक जैसे उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है, ऐसे में प्रतिस्पर्धा का निष्पक्ष होना बेहद जरूरी है। उनके मुताबिक, बायोलॉजिकल पुरुषों का महिला वर्ग में मुकाबला करना न केवल अनुचित है, बल्कि कुछ खेलों में सुरक्षा के लिहाज से भी जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हर एथलीट के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा और इस प्रक्रिया के तहत खिलाड़ियों को अपने करियर में केवल एक बार स्क्रीनिंग करवानी होगी।



# रामचरण के जन्मदिन पर रिलीज हुआ 'पेड्डी पहलवान' का लुक



**मुंबई (एजेंसी)** • रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म पेड्डी से 'पेड्डी पहलवान' लुक हुआ रिलीज हो गया है। फिल्म पेड्डी 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब मेकर्स ने शानदार कंटेंट 'पेड्डी पहलवान' रिलीज किया है, जिसमें राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन दिखाया गया है और यह इंडस्ट्री के बेहतरीन ट्रांजिशन्स में से एक नजर आता है। पेड्डी पहलवान में रामचरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन काफी यूनिक है। यह उनके फैंस के लिए किसी बेहतरीन बर्थडे गिफ्ट से कम नहीं है। आरआरआर के बाद उनका यह नया अवतार बेहद एक्साइटिंग लग रहा है। इससे पहले हमने आरआरआर में उनका शानदार ट्रांसफॉर्मेशन देखा था, और अब एक बार फिर उन्होंने खुद को बिल्कुल अलग अंदाज में पेश किया है। यह इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन ट्रांसफॉर्मेशन्स में से एक कहने लायक है। वेंकट सतीश किलारु द्वारा उनके बैनर वृद्धि सिनेमाज के तहत और प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मिथ्री मूवी मेकर्स के सहयोग से बनी यह फिल्म 30 अप्रैल 2026 को रिलीज के लिए तैयार है।

## अभिनेत्री मानसी पारेख की मेहनत को मिला सम्मान

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री मानसी पारेख को हाल ही में एंटरटेनमेंट कैटेगरी में फेमिना गेम चेंजर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मानसी ने अवॉर्ड प्राप्ति की खुशी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे अवॉर्ड हाथ में लिए दिखाई दीं। मानसी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'हम अपनी नई राह खुद बनाते हैं। यही हमेशा मेरा मंत्र रहा है, चाहे जिंदगी हो या करियर। मैंने कभी भी लोगों की उम्मीद के मुताबिक रास्ता नहीं चुना। अपना खुद का रास्ता बनाया, भले ही वह कभी-कभी अनिश्चित लगे, हमेशा फायदेमंद साबित हुआ है।' उन्होंने बताया कि वे एक सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं और इंडस्ट्री में बिना किसी कनेक्शन के शुरुआत करना आसान नहीं था। मानसी ने कहा, 'बिना किसी मदद के शुरुआत करके आज अपने सपनों को जीना और दूसरों के लिए भी नए मौके बनाना बहुत संतोषजनक है।' अभिनेत्री ने फेमिना इंडिया को विशेष धन्यवाद भी दिया, लिखा, 'धन्यवाद फेमिना इंडिया मुझे एंटरटेनमेंट में गेम चेंजर अवॉर्ड देने के लिए। आशा है कि और भी महिलाएं खुद पर भरोसा करें और अपने तरीके से खेल बदलें।' मानसी पारेख टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एमटीवी के सीरियल 'कितनी मस्त है जिंदगी' से की थी।



# उज्जैन संभाग

## रतलाम मंडल में ब्लॉक के कारण 6 ट्रेन होगी प्रभावित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •परे रतलाम मंडल के रतलाम-नीमच सेक्शन खंड में दोहरीकरण कार्य के चलते रतलाम मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया 28 को गाड़ी 59345 रतलाम-नागदा पैसेंजर और गाड़ी 59346 नागदा-रतलाम पैसेंजर निरस्त रहेगी। वहीं 28 एवं 29 मार्च को उदयपुर से चलने वाली गाड़ी 19328 उदयपुर सिटी-रतलाम, नामली पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसके साथ 3 अन्य ट्रेन भी प्रभावित होगी।

## संस्कृत विवि की परिषद् का गठन, 6 का मनोनयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की साधारण परिषद् का गठन कर दिया है। छह प्रतिनिधि का साधारण परिषद् में सदस्यों के रूप में मनोनयन किया है। मप्र शासन के अवर सचिव वीरनसिंह भलावी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें संस्कृत भारती के क्षेत्र संयोजक डॉ. भरत बैरागी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. राधिका प्रसाद मिश्र, महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय ग्वालियर की संस्कृत विभाग की प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा खेमरिया, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ के संस्कृत के सहायक प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धनाथ खजूरिया, पीतांबरा पीठ महाविद्यालय दतिया के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र भार्गव और शासकीय रामानंद संस्कृत महाविद्यालय भोपाल के पूर्व व्याख्याता डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय के नाम शामिल हैं।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में आगर जनपद विजेता, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** •राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत स्थानीय स्टेडियम परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रीति यादव एवं जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में जिले की चारों जनपद पंचायतों की 8 टीमों के करीब 120 खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने किया। मुकाबलों में आगर जनपद (हेमराज यादव) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं बड़ौद जनपद (अमान) द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में सुसनेर- सोयत (चंद्रभान) की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में आगर (रितेश), सुसनेर (गणपत) और नलखेड़ा (अंकित) की टीमों ने भी भाग लिया और अपने खेल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम को विधायक मधु गेहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूसिंह चौहान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार प्रदान किए। प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार और तृतीय 5100 रुपए दिए गए। वहीं चौथे से छठे स्थान तक की टीमों को 1100-1100 रुपए की सांत्वना राशि दी गई। मनरेगा प्रभारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डीसी-एसबीएम पवन स्वर्णकार, डीपीएम एनआरएलएम संजय सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायकों की अहम भूमिका रही।



## 27 मार्च से 4 अप्रैल तक बंद रहेगी नलखेड़ा कृषि उपज मंडी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**नलखेड़ा** • कृषि उपज मंडी समिति नलखेड़ा के अनुसार मंडी प्रांगण में 27 मार्च 2026 से 4 अप्रैल 2026 तक विभिन्न अवकाशों एवं वार्षिक लेखा बंदी के चलते नीलामी (खरीदी-बिक्री) कार्य पूर्णतः बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने समस्त किसानों, व्यापारियों एवं हम्मालों को पूर्व सूचना जारी करते हुए इस अवधि में मंडी में उपज लाने से बचने की अपील की है। 27 मार्च शुक्रवार को श्री राम नवमी, 28 मार्च शनिवार को साप्ताहिक अवकाश, 29 मार्च रविवार को अवकाश, 30 एवं 31 मार्च तथा 1 अप्रैल को वार्षिक लेखा बंदी के कारण कार्य बंद रहेगा। वहीं 2 अप्रैल गुरुवार को श्री हनुमान प्राकट्योत्सव, 3 अप्रैल शुक्रवार को गुड फ्राइडे तथा 4 अप्रैल शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होने से मंडी में कार्य नहीं होगा। मंडी सचिव द्वारा बताया गया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार की नीलामी प्रक्रिया संचालित नहीं होगी, जिससे किसानों को असुविधा से बचने के लिए पहले से ही जानकारी दी जा रही है।किसानों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित अवकाश अवधि में अपनी उपज मंडी में लेकर न आएं, ताकि अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।हालांकि, यदि किसी किसान को अत्यावश्यक स्थिति में अपनी उपज का विक्रय करना हो, तो वे मंडी के अधिकृत व्यापारियों के माध्यम से एमपी फार्मगेट एप एवं सौदा पत्रक के जरिए सौदा कर सकते हैं और उसी दिन नकद अथवा ऑनलाइन भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। मंडी समिति ने सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अवकाश अवधि के दौरान नियमों का पालन करें और निर्धारित तिथियों के बाद ही मंडी में उपज लेकर आएं।

## हत्या के प्रयास के आरोपियों का निकला जुलूस, पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित 6 को दबोचा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष सारवान सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का थाना क्षेत्र में जुलूस भी निकाला। इस मामले में 3 आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। मामला 20 मार्च का है, जब यश भार्गव (27) पर पुरानी रंजिश के चलते आशीष सारवान और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में यश गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### दबिश के बाद 6 आरोपी गिरफ्तार

घटना के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 25 मार्च को तारामंडल क्षेत्र से मुख्य आरोपी आशीष सारवान को पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इससे पहले, 22 मार्च को एक महिला आरोपी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और घटना में इस्तेमाल किए गए लाठी-डंडों सहित अन्य साक्ष्य जुटा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में आशीष उर्फ पिंटू, विजय उर्फ टोनी, राजा उर्फ राजेश, राहुल उर्फ अनमोल, विजेन्द्र उर्फ राजेश और पंकज उर्फ पंकेश शामिल हैं। विक्की चौहान, सागर सूर्यवंशी और सौरभ नामक तीन आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

इस पूरी कार्रवाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) गुरुप्रसाद पाराशर, सीएसपी श्वेता गुप्ता और थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## भीलटदेव मंदिर परिसर से युवक को पकड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**नागझिरी** • खरगोन-खंडवा रोड स्थित ग्राम मगरिया के भीलटदेव मंदिर से एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा। ग्रामीणों ने बताया बुधवार रात 9 बजे मंदिर के पट बंद होने वाले थे। इससे 20 मिनट पहले एक युवक मंदिर में घुस गया। आरोप लगाया कि युवक ने रुमाल बिछाया और तांबे व पीतल की वस्तुएं समेटने लगा। नाग देवता की मूर्ति भी उठाई।

वह बाहर निकलता, इससे पहले ग्रामीणों ने उसे दबोच लिया। देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। जैतापुर पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया मंदिर में पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है। वहीं जैतापुर पुलिस ने बताया शिवराम (32) किशन निवासी बड़गांव मंदिर परिसर में धारदार हथियार लेकर बैठा था। ग्रामीणों की सूचना पर इसे पकड़ा गया। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं खरीदी, 90 उपार्जन केंद्र निर्धारित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य इंदौर जिले में 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। यह खरीदी कार्य 5 मई 2026 तक जारी रहेगा, जिसमें पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन किया जाएगा। जिले में सुचारू खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कुल 90 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। इनमें 65 गोदाम स्तरीय केंद्र, 13 समिति स्तरीय केंद्र, 7 सायलो स्तरीय केंद्र तथा 5 मंडी स्तरीय केंद्र शामिल हैं। प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था भी लागू की गई है। किसान अपनी सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर संबंधित उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे।

## अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए 1 अप्रैल तक करा सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से की जा सकती है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# इंजीनियरिंग की मिसाल बना ट्रिपल लेयर ब्रिज, 400 टन वजनी बो स्ट्रिंग गर्डर लॉन्च

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर में मप्र के पहले थ्री लेयर फ्लाईओवर में इंजीनियरिंग की एक और मिसाल कायम हुई। लवकुश चौराहे पर बन रहे इस ब्रिज पर 400 टन वजनी बो-स्ट्रिंग गर्डर लॉन्च हुआ। इंदौर में लवकुश चौराहे पर इंदौर-उज्जैन मार्ग को सुगम करने की दिशा में एक और बड़ा कदम हुआ। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा उज्जैन सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर लवकुश चौराहे पर बनाए जा रहे लेवल-2 फ्लाईओवर में बो- स्ट्रिंग गर्डर लांच हुआ। फ्लाईओवर में 22 मीटर की ऊंचाई पर 400 टन वजनी प्रथम बो-स्ट्रिंग गर्डर सफलतापूर्वक स्थापित किया गया।



**मंत्री विजयवर्गीय ने की तारीफ** -मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस फ्लाईओवर की फोटो शेयर करते हुए ट्वीट किया कि इंदौर में इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल। इंदौर के विकास में आज एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। इंदौर विकास प्राधिकरण ने उज्जैन सिंहस्थ के लिए लवकुश चौराहे पर लेवल-2 फ्लाईओवर पर 22 मीटर की ऊंचाई पर 400 टन वजनी पहला बो-स्ट्रिंग गर्डर सफलतापूर्वक स्थापित किया। यह हमारी इंजीनियरिंग क्षमता और समर्पण का प्रमाण है।

**प्रदेश का यह पहला काम-मंत्री**-मंत्री ने आगे कहा कि यह 65 मीटर लंबे इस विशाल ढांचे की स्थापना मध्यप्रदेश में अपनी तरह का पहला कार्य है। यह उपलब्धि वास्तव में गौरव का विषय है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए आईडीए के सभी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं श्रमवीरों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पूर्ण होने पर यह फ्लाई ओवर यातायात को सुगम बनाएगा। साथ ही इंदौर की आधुनिक पहचान को और अधिक सशक्त करेगा।

**कुल लागत 175 करोड़**-यह फ्लाईओवर 175 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। यह प्रदेश में अपने प्रकार का पहला पुल है। इस फ्लाईओवर में बीच में मेट्रो ट्रेन गुजर रही है, एक भुजा कुशाभाई ठाकरे ब्रिज की ओर से सुपर कॉरिडोर की ओर जा रही है। इसमें तीसरी लेयर बाणगंगा से उज्जैन की ओर है। इस तरह यह थ्री लेयर है।

### देर रात को किया गया काम

*फ्लाओवर के पहले 'बो स्ट्रिंग' स्पान का काम देर रात किया गया, ताकि यातायात का दबाव नहीं रहे। आईडीए के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े ने बताया कि फ्लायओवर की कुल लंबाई 1452 मीटर है। इसमें 19 सेगमेंटल स्पान, चार कंपोजिट गर्डर और एक बो स्ट्रिंग स्पान शामिल है। बो स्ट्रिंग स्पान की लंबाई 65 मीटर है तथा कुल दो बो स्ट्रिंग लॉन्च की जानी हैं। इसमें अभी लॉन्च हुई पहली बो का वजन लगभग 400 मीट्रिक टन है, इसे 23 मीटर ऊंचाई पर स्थापित किया गया। इस प्रक्रिया में लगभग 800 मीट्रिक टन स्टील स्टेजिंग और गर्डर का उपयोग किया गया। स्ट्रक्चर को फिट करने के लिए 600 टन और 300 टन क्षमता की क्रेन का सहारा लिया गया।*

## वरिष्ठ जिला पंजीयक नायडू का ट्रांसफर आदेश रद्द, हाईकोर्ट ने बदले की भावना वाला माना

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू का 21 जुलाई 2025 को रतलाम किया गया ट्रांसफर आदेश हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में इसे मप्र शासन की प्रतिशोधात्मक (बदले) की भावना बाला माना। हाईकोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था के लिए ही ट्रांसफर आदेश होते हैं। लेकिन इसमें घटना और शासन के दो पत्र से यह प्रशासनिक आदेश नहीं लग रहा है। साथ ही हाईकोर्ट बेंच ने कहा कि जब ट्रांसफर आदेश 21 जुलाई को हो गया है तो फिर 30 जुलाई को 8 दिन की देरी से क्यों याचिकाकर्ता को ईमेल से भेजा गया। इन सब से लग रहा है की प्रतिशोध के रूप में आदेश बाद में किया गया है।

नायडू ने तर्क दिया था कि ईओडब्ल्यू ने 5 जुलाई 2025 को उनके खिलाफ एफआईआर की।




इसके खिलाफ उन्होंने 28 जुलाई को याचिका दायर की। इस पर हाईकोर्ट में केस 29 जुलाई को लिस्ट हुआ और केस डायरी मांगी गई। सुनवाई 1 अगस्त को तय की गई। लेकिन इसी दौरान 30 जुलाई को दोपहर 12 बजकर 4 मिनट पर उन्हें रतलाम ट्रांसफर का आदेश ई मेल से मिला। लेकिन उसी दौरान उप सचिव वाणिज्यिक कर विभाग ने आईजी (महानिरीक्षक पंजीयन) को पत्र लिखा और ईओडब्ल्यू में एफआईआर होने के कारण ट्रांसफर करना बताया। जबकि 1 अगस्त को डिवीजन बेंच हाईकोर्ट ने ईओडब्ल्यू की एफआईआर पर आगे कार्रवाई को स्टे कर दिया था।

**13 साल में सात बार ट्रांसफर** -वहीं, नायडू ने यह भी तर्क दिया कि उनका 13 साल में सात बार ट्रांसफर हो चुका है, यानी हर 22 माह में एक बार। इससे साबित होता है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा टारगेट किया जा रहा है और बदले की भावना से ही ट्रांसफर किया गया।

**इसके पहले डिवीजन बेंच ने स्टे हटाया था**-इसके पहले 17 मार्च 2026 को ही हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने नायडू के ट्रांसफर पर लगाया स्टे हटा दिया था। बेंच ने कहा था कि उन्होंने ईओडब्ल्यू की एफआईआर पर राहत मांगी थी ना की ट्रांसफर आदेश पर। इसलिए स्टे हटाया जाता है। इस आदेश के तत्काल बाद नायडू ने ट्रांसफर के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें अब आदेश रद्द कर दिया गया है।

## पूर्व कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत जेल में ही रहेगा, विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर के बाणगंगा थाने में दर्ज हुए अपराध के बाद कांग्रेस नेता अनवर कादरी अपनी पार्षदी खो चुके हैं और अब वो जेल में ही रहेंगे। महिला संबंधित अपराध (ओएडब्ल्यू) मामले में विशेष न्यायाधीश यतेश शिशोदिया ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। कादरी पर 20 से ज्यादा पुराने संगठित अपराध हैं और वह पहले भी फरारी काट चुका है, जिस वजह से कोर्ट ने ये फैसला लिया।

**यह है मामला**-लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के मामले में बाणगंगा थाने में कादरी के खिलाफ दो केस दर्ज हैं। एक केस में उसे फरवरी 2026 में इंदौर हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। दूसरे केस में



जमानत नहीं मिलने की वजह से वो अभी जेल में है। इसी केस में कादरी ने जमानत के लिए याचिका लगाई थी।

**जमानत पर शासन ने ली आपत्ति**-जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए कादरी के वकील (इंदौर में लव जिहाद का मामला) ने तर्क रखा कि यह झूठे केस हैं। पहले इसी तरह के केस में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वह कहीं फरार नहीं होगा। लेकिन अपर लोक अभियोजक लीलाधर पाटीदार ने इसमें आपत्ति ली। पहले तो आपत्ति यही ली गई कि यह शपथपत्र ही गलत है। इसमें कहा गया है कि पहले कहीं जमानत आवेदन नहीं लगा, जबकि पूर्व में आवेदन लग चुका है। इस पर कादरी के पक्षकारों ने माफी मांगी और दूसरा आवेदन लगाया। वहीं शासन पक्ष ने कहा कि कादरी पर 20 से ज्यादा अपराध हैं और यह संगठित अपराध हैं। यानी वह आदतन अपराधी है। वहीं केस होने के बाद वह राजस्थान, जम्मू कश्मीर, नेपाल तक फरारी में रहा है। जमानत होने पर फिर फरार हो सकता है और गवाहों को भी प्रभावित कर सकता है। इन सभी पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## शिक्षाविद्, कारोबारी पुरुषोत्तम दास पसारी एमपी छोड़कर नहीं जा सकेंगे

### छात्रवृत्ति घोटाले में जमानत की शर्त

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर और मप्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद् और कारोबारी पुरुषोत्तम पसारी दस साल पुराने केस में उलझ गए हैं। उन्हें भले ही जमानत मिली है लेकिन कई शर्तें लगी हैं। इंदौर में दस साल पहले सामने आए छात्रवृत्ति घोटाले में अब शिक्षाविद्, कारोबारी पुरुषोत्तम दास पसारी उलझ गए हैं। इस मामले में पसारी के साथ ही उनक छोटे भाई विष्णु पसारी व अन्य पर गंभीर धाराओं में दो-दो केस दर्ज हैं। इन केस में लोकायुक्त द्वारा चालान पेश किए गए हैं। इसके बाद पसारी बंधुओं ने जमानत के लिए आवेदन लगाया। इसमें राहत तो मिली है लेकिन जमानत में कई गंभीर शर्तें लगाई गई हैं।

**राज्य छोड़कर नहीं जाएंगे पसारी**-प्रथम जिला व अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. अकबर शेख ने 20-20 हजार के मुचलके व गारंटी पर यह जमानत दी है। साथ ही इसमें कई शर्तें लगाई हैं जिसमें अहम है कि वह कोर्ट की मंजूरी के बिना राज्य की सीमा नहीं छोड़ेंगे। यानी वह बिना मंजूरी के मध्य प्रदेश के बाहर नहीं जा सकते हैं।



**यह है पसारी बंधुओं पर 420 का केस** -इंदौर में साल 2013-14 के दौरान पैरामेडिकल व अन्य कॉलेज में स्कॉलरशिप घोटाला सामने आया था। इसके बाद लोकायुक्त ने विविध कॉलेज संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी के तहत पसारी बंधुओं पर लोकायुक्त ने दो केस दर्ज किए। इसमें कई गंभीर धाराएं 420, 467, 468, 471, 406, 120बी है। जिसमें आजीवन कारावास तक सजा के प्रावधान हैं। आरोप है कि श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्कॉलरशिप घोटाला (इंदौर फर्जी स्कॉलरशिप घोटाला) हुआ। इसमें पसारी बंधुओं के साथ ही कॉलेज प्राचार्य पंकज शर्मा पर केस दर्ज किया गया। इसमें एक केस छात्रा का फर्जी प्रवेश दिखाकर शासन से 28 हजार 850 रुपए की स्कॉलरशिप लेने का है। हालांकि कॉलेज संचालकों ने बाद में तर्क दिया कि यह राशि लौटा दी थी।

**कौन है पुरुषोत्तमदास पसारी**-पसारी इंदौर और मध्य प्रदेश में शिक्षाजगत के साथ ही कपड़ा कारोबार, समाजसेवा के लिए बड़ा नाम हैं। वह दो दर्जन से ज्यादा संस्थाओं में विविध भूमिकाओं में रहे हैं। साथ ही दर्जन भर से ज्यादा ट्रस्ट में भी पदों पर रह चुके हैं और अभी भी कई ट्रस्ट में जुड़े हैं। वह श्री वैष्णव ट्रस्ट में भी हैं। इसी ट्रस्ट के तहत चल रहे श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय (एसवीवीवी) में चांसलर पद पर भी हैं। हाल ही में वह माहेश्वरी कॉलेज में मैनेजमेंट और कॉलेज प्राचार्य राजीव झालानी के साथ हुए विवाद में भी चर्चा में आए थे। इसमें झालानी को हटा दिया गया था। बाद में उन्होंने खुद ही इस्तीफा दे दिया था।

## 1 साल में 13 रिचार्ज का चक्कर खत्म! Jio, Airtel और Vi ने पेश किए प्लान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● क्या आप भी 1 साल में 12 नहीं 13 रीचार्ज करा रहे हैं? अगर हां, तो जरा रुकिए! 28 दिनों वाले रीचार्ज प्लान के कारण लोगों को एक साल में 12 की जगह पर 13 महीने का रीचार्ज कराना पड़ता है, लेकिन अगर आप जरा सा स्मार्ट तरीके से प्लान चुनें तो आपके 1 महीने की रीचार्ज के पैसे सीधे बच सकते हैं, आज के डिजिटल युग में ज्यादातर लोग स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बीते कुछ समय से लगातार बढ़ रही रीचार्ज कीमतों ने लोगों को परेशान कर दिया है। रीचार्ज की बढ़ी हुई कीमत और कम हुई वैलिडिटी यूजर्स के जेब पर सीधा असर डालती हैं। ऐसे में 28 दिनों की वैलिडिटी वाले प्लान्स के चलते आपको साल में 12 की जगह 13 बार रिचार्ज करना पड़ता है। टेलीकॉम कंपनियों का यह 28 दिनों की वैलिडिटी वाला गणित यूजर्स की जेब पर एक साल एक एक्स्ट्रा महीने का बोझ डाल देता है। लेकिन अब आपको इस चालाकी का शिकार होने की जरूरत नहीं है।

**भरोसे का इलाजः** ओजोन थेरेपी से मिल रही कैंसर के मरीजों को राहत

## हर साल देश भर के एक हजार मरीज कैंसर का आयुर्वेद पद्यति से इलाज कराने आ रहे इंदौर में

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शासकीय अष्टांग आयुर्वेद चिकित्सालय के शल्य तंत्र विभाग में हर साल देशभर से करीब 1000 मरीज कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए आयुर्वेद इलाज लेने आ रहे हैं। मरीज को और अधिक फायदा पहुंचाने के लिए ओजोन थेरेपी की शुरुआत भी की गई है। ओजोन थेरेपी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैं कि अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक 229 मरीज ओजोन थेरेपी का लाभ ले चुके हैं। अगस्त में 41, सितंबर में 102, अक्टूबर में 46, नवंबर में 24 और दिसंबर में 27 मरीजों को ओजोन थेरेपी दी गई। जनवरी 2026 में 38 मरीज लाभ ले चुके हैं।

**उचित मात्रा में नहीं मिल पाती ऑक्सीजन**-विशेषज्ञों के अनुसार इसमें शरीर में ऑक्सीजन की उपलब्धता को बढ़ाकर बीमारी को कम किया जा रहा है। ऑक्सीजन शरीर के लिए प्राणवायु है। शरीर को स्वस्थ रखने व बीमारियों से बचाव के लिए शरीर को आवश्यक मात्रा में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान में दूषित पर्यावरण, फेफड़ों से संबंधित या अन्य बीमारी होने पर शरीर को उचित मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिससे शरीर में अनेक प्रकार की बीमारी होने का खतरा बना रहता है।

**कई पेपर हुए हैं पब्लिश**-विशेषज्ञों के अनुसार आज से लगभग 3000 वर्ष पूर्व पतंजलि योग सूत्र में शरीर में योग, प्राणायाम के द्वारा शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाकर शरीर व मन की सिद्धि की जाती रही है। यूरोपीय देशों में यह विधि प्रचलित है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इसको बहुत लाभदायक पाया गया है। इस पर कई पेपर पब्लिश भी हुए हैं। इसमें ओजोन को मलमार्ग के द्वारा, सीधे इंजेक्शन द्वारा रक्त वाहिनी अथवा मांसपेशियों में, घाव के आसपास इंजेक्शन द्वारा व शरीर की अन्य बीमारियों में जैसे जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, घुटनों के दर्द में, त्वचा रोगों में लोकल स्थान पर ऑक्सीजन की सांद्रता को बढ़ाया जाता है। कैंसर रोग में शरीर के शोधन अर्थात डिटॉक्सिफिकेशन, कैंसर कोशिकाओं के मारण, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में व कैंसर के घाव को ठीक करने में यह कारगर है। यह शरीर की कोशिकाओं को अधिक ऑक्सीजन अवशोषण के लिए प्रेरित कर ऊर्जावान बनाता है शरीर में अधिक एनर्जी उत्पन्न होती है और अनावश्यक नुकसानदायक कोशिकाओं का नाश होता।

**कैंसर मरीजों का विश्वास बढ़ने लगा**-यह तो महज कुछ उदाहरण हैं। ओजोन थैरेपी के प्रति मरीज और उनके परिजनों का विश्वास बढ़ने लगा हैं। ओजोन थेरेपी से कैंसर मरीजों को काफी राहत मिल रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ओजोन ऑक्सीजन का ही एक सक्रिय और प्रतिक्रिया शील रूप है जो जल्द ही रक्त, लसीका व शरीर के ऊतक में कोशिकाओं के साथ जुड़ जाता है। इसमें एक मशीन के माध्यम से ऑक्सीजन को शरीर में भेजा जाता है। आधुनिक समय में अनेक महिला व पुरुष इसका लाभ ले रहे हैं।

## इंदौरी विधायक अधिकारियों से दुखी, बोले-सुनते नहीं हैं, अब एकजुट होकर सीएम से करेंगे बात

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर के बीजेपी विधायक और जनप्रतिनिधि अधिकारियों की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। उनकी शिकायत है कि अधिकारी उनकी सुनते नहीं हैं, जिससे शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। यह मुद्दा गुरुवार शाम (26 मार्च) को बीजेपी दफ्तर में हुई इंदौर कोर कमेटी की बैठक में उठा। बैठक में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा और विधायक मधु वर्मा, महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला समेत कई नेता मौजूद थे। सभी ने मिलकर ये तय किया कि इस मामले पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बात करेंगे। मुख्यमंत्री 29 मार्च को इंदौर आ रहे हैं। इस दौरान वे नगर निगम के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। तब ही उन्हें इस स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**क्या बोले विधायक**-बैठक में महेंद्र हार्डिया ने कहा कि अधिकारी बिल्कुल नहीं सुन रहे हैं। विधायक निधि से स्वीकृत काम भी नहीं हो रहे हैं। वहीं मधु वर्मा ने कहा कि विकास के काम प्रभावित हो रहे हैं। यदि हम इंदौर नगर निगम में किसी अधिकारी को चालानी कार्रवाई से रोकते हैं तो भी वे सुनते नहीं हैं। विधायक गोलू शुक्ला भी बोले कि कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा भी बोले कि सीएम का कार्यक्रम अधिकारियों ने 29 मार्च को दशहरा मैदान पर तय कर लिया और इस संबंध में किसी से कोई बात नहीं की। सब उन्होंने अपने स्तर पर तय किया है।



**एमओएस पर टैक्स नहीं लगना चाहिए**-सभी विधायकों ने कहा कि एमओएस पर टैक्स नहीं लगना चाहिए। इससे सरकार और नगर निगम से बहुत नाराजगी होगी। इस पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह साल 2020 का सरकार का फैसला है। मैं खुद इस पक्ष में नहीं हूं क्योंकि यह जगह तो धूप, हवा आने के लिए है। इस पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसके लिए मैंने शासन स्तर पर आग्रह किया है। इस पर सभी ने तय किया कि इस मुद्दे पर भी सीएम को आमजन की भावनाओं से अवगत कराकर इस पर विचार के लिए आग्रह करेंगे।

**प्रशासन और निगम से ज्यादा नाराजगी**-बैठक में मुख्य तौर पर जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों को लेकर नाराजगी जाहिर की गई। सभी जनप्रतिनिधि बोले कि यह रवैया रहा तो शहर का विकास और काम प्रभावित होगा। इससे बीजेपी सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती है। इसलिए जरूरी है कि इन बातों को सीएम के सामने रखा जाए और उन्हें बताया जाए कि अधिकारियों के रवैए से किस तरह से शहर का विकास प्रभावित हो रहा है।

**सीधी कलेक्टर हट चुके हैं**-उल्लेखनीय है कि हाल ही में सीधी में भी जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोला था, जिसके चलते वहां के कलेक्टर को सीएम ने हटाने के आदेश दिए थे। वहीं जल्द ही मध्य प्रदेश में आईएएस की ट्रांसफर सूची भी संभावित है, जिसमें कई बड़े बदलाव होना है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की नाराजगी किसी भी अधिकारी पर भारी पड़ सकती है। सीएम पहले भी कई मौके पर बोल चुके हैं कि विकास के काम में अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।